# निरसा में नकली अंग्रेजी शराब की 341 बोतलें जब्त, एक गिरफ्तार

Publish Date:Thu, 30 Aug 2018 08:39 PM (IST)



संस, निरसा: निरसा एसडीपीओ विजय कुमार कुशवाहा व निरसा थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने बुधवार की देर रात निरसा थाना क्षेत्र के जुगीतोपा निवासी अशोक नाग के घर के पिछवाड़े स्थित बाड़ी से भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस में अशोक नाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

एसडीपीओ विजय कुमार कुशवाहा व निरसा थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जुगीतोपा निवासी अशोक नाग के घर के पिछवाड़े स्थित बाड़ी में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब रखी हुई है। छापेमारी की गई तो अशोक नाग की बाड़ी से रॉयल स्टैग की 73 बोतल, इंपीरियल ब्लू की 268 बोतलें बरामद की गई। उस स्थान पर काफी मात्रा में शराब की खाली बोतलें एवं ढक्कन भी मिले।

बीते माह अशोक नाग का बेटे राखाल नाग को भी निरसा पुलिस ने भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब व स्प्रिट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जुगीतोपा में बन रही नकली अंग्रेजी शराब

जुगीतोपा क्षेत्र में लगातार पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी कर अवैध नकली अंग्रेजी शराब निर्माण करने वाले कारोबारियों को पकड़ा। उसके बावजूद उस क्षेत्र में नकली अंग्रेजी शराब निर्माण का कारोबार नहीं रुक रहा। अवैध अंग्रेजी शराब निर्माण में लगे लोग मारुति के माध्यम से नकली अंग्रेजी शराब को क्षेत्र में संचालित होटलों में खपाते हैं। साथ ही अंग्रेजी शराब को भारी मात्रा में बिहार में विभिन्न वाहनों के माध्यम से भेजा जाता है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/dhanbad-nirsa-raid-wine-seazed-18371267.html